SET-A

विषयः हिन्दी कक्षाः आठवीं

कुल अंक: ९० समय ३:००घंटे

सामान्य निर्देश

१) प्रश्नपत्र के दो भाग हैं । खंड'क'और खंड'ख'।

२) कुल प्रश्न १२ हैं। प्रश्नसंख्या सावधानी पूर्वक लिखें ।

खंड क

१. क) किन्हीं छः (6) अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए। 3

निर्दोश, अवश्यकता, परिवरतन, हिंदूस्थान, प्राप्ती, विग्यान, मात्राभूमि, विकाश

ख) तीन वाक्यों को शुद्ध करो । 3

१. इतनी तेजी में गाड़ी मत चलाओ ।

२. वह खाना खा करके जाएगी ।

३.पुस्तकें ये किसकी हैं ?

४.हिमालय ऊँची पहाड़ है।

ग) छः (6)शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 3

भूत, सुमति, दुर्बल, आस्तिक, इहलोक, रोगी, कोमलता

घ) तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 3

तालाब, पुत्री, रास्ता, प्रकाश, शरीर,

२क) छः(6) शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए । 3

मोटा, आलसी, भावुक, मीठा, भाई, नीति, इंसान

ख) तीन शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए। 3

अर्थ, पानी, कनक, पूर्व

३क) किन्हीं तीन शब्दों का समास विग्रह कीजिए। 3

महात्मा, आयात-निर्यात, सुलोचना, नीलकंठ, जन्म-मरण

https://www.evidyarthi.in

ख) किन्हीं तीन वाक्यों में विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए। 3

१. चाय बनाने में सौ ग्राम चीनी लग गई।

२. ये विद्यार्थी कल भी आए थे।

३. गाढ़ा दूध हमें बहुत पसन्द है।

४. मैंने मुस्तफा को पचास रुपए दिए।

ग) निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम चिन्ह लगाइए । 3

१) सुभान दादा की लंबी सफेद चमकती दाढी से नूर बरसता है

२) लक्ष्मीबाई ने कहा मैं मरते दम तक झाँसी में अंग्रेजों को घुसने नहीं दूँगी

४) निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 6

१. विद्यार्थी और अनुशासन ।

२. गया समय हाथ नहीं आता ।

५) मित्र को परीक्षा में सफलता मिलने पर बधाई पत्र लिखिए।

अथवा 6

प्रधानाचार्य महोदय को अपने विद्यालय में खेलकूद सामग्री की कमी की ओर ध्यान दिलाते हुए पत्र लिखिए ।

६) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 6

भारत हम सब का घर है और हम सभी इस घर के सदस्य हैं । हमें आपस में मिल-जुलकर रहना चाहिए । यदि घर में संगठन नहीं होगा तो आपस में कलह और द्वेष बढ़ेगा । जिस घर में फूट हो उस घर की कोई इज्ज़त नहीं करता। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जब- जब हम में संगठन का अभाव हुआ तब-तब हम गुलाम हो गए । संगठन के अभाव के कारण ही 1857 का स्वतंत्रता संग्राम असफ़ल हुआ। फूट के कारण ही 1947 में देश का विभाजन हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आज फिर फूट डालने वाली शक्तियाँ सिर उठा रही हैं । फिर भी यदि हम सभी आपस में संगठित रहेंगे तो कोई भी देश हमारा बाल बांका नहीं कर सकता।

१) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

२) संगठन न होने से क्या-क्या हानियाँ होंगी ?

३) 1947 में किस कारण देश का विभाजन हुआ?

४) भारत के सभी सदस्यों को आपस में किस प्रकार रहना चाहिए?

५) इतिहास किस बात का साक्षी है ?

६) स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आज फिर कौन सी शक्तियाँ सिर उठा रही हैं?

https://www.evidyarthi.in

' खंड ख '

७) क) किन्हीं छः (6)शब्दों के अर्थ लिखिए । 3

१. विनिमय २. अहमियत ३. बेताबी ४. किरदार ५. घिसीपिटी
६. पटकथा ७. आलीशान

ख) किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए । 3

१. चाव २. यकीन ३. प्रशस्ति-पत्र ४.निमित्त

प्र८) " भगवान के डाकिए" अथवा " यह सबसे कठिन समय नहीं" कविता का प्रतिपाद्य लिखिए । 5

प्र९) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए। 4X3=12

क) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?
ख) पत्र-लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए ?
ग) साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं ?
घ) पहली सवाक् फिल्म के निर्माता निर्देशक अर्देशिर को जब सम्मानित किया गया तब सम्मानकर्ताओं ने उनके लिए क्या कहा था ?अर्देशिर ने क्या कहा? और इस प्रसंग में लेखक ने क्या टिप्पणी की है ? लिखिए ।

प्र१०) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 3x3=9

क) लेखक ने बस से यात्रा करना क्यों उचित समझा तथा लोगों ने उसे क्या सलाह दी ?
ख) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ?स्पष्ट कीजिए ।
ग) फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन सा प्रयास करता है ?
घ) विट्ठल का चयन आलमआरा फिल्म के नायक के रूप में हुआ लेकिन उन्हें हटाया क्यों गया ? तब विट्ठल ने पुनः नायक होने के लिए क्या किया ?

https://www.evidyarthi.in

प्र११) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए 4x2=8

क) 'पुडुकोट्टई पहुँचने से पहले मैंने इस विनम्र सवारी के बारे में इस तरह सोचा ही नहीं था'। साइकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया है ?

ख) वस्तु विनिमय क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?

ग) लेखक ने पाठ का नाम 'जहाँ पहिया है' क्यों रखा होगा ?

घ) 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै ,यह तो सुमिरन नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहते हैं ?

ङ) कवि को ऐसा विश्‍वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?

प्र१२) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। 1X5=5

क) पुडुकोट्टई ज़िले की ग्रामीण महिलाओं ने अपनी स्वाधीनता, आज़ादी और गतिशीलता को अभिव्यक्त करने के लिए प्रतीक के रूप में किसे चुना ?

ख) 'ध्वनि' कविता किस कवि द्वारा लिखी गई है ?

ग) बदलू लेखक को लला कहकर बुलाता था लेकिन जब लेखक आठ-दस वर्षों के बाद अपने मामा के गाँव वापस गया तो उसने बदलू काका को किस नाम से अपना परिचय दिया ?

घ) 'बस की यात्रा" पाठ में कितने मित्रों ने शाम चार बजे की बस से चलना तय किया ?

ड) पत्र को उर्दू और तमिल भाषा में क्या कहा जाता है ?

च) किस रंगमंच अथवा थियेटर के एक लोकप्रिय नाटक को आधार बनाकर अर्देशिर ने अपनी पहली बोलती फिल्म आलमआरा की पटकथा बनाई ?

------x------

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in